आज (16 सितंबर 2021) के महत्वपूर्ण वन लाइनर करेंट अफेयर्स

- **भारत** 19 और 20 नवंबर, 2021 को नालंदा, बिहार में नव नालंदा महाविहार परिसर में पहली बार **वैश्विक बौद्ध सम्मेलन** की मेजबानी करेगा।
- भारतीय सैन्य दल जिसमें 200 कर्मियों का एक संयुक्त बल शामिल है, **'पीसफुल मिशन 2021'** नामक अभ्यास में भाग ले रहा है।
- भारत के राष्ट्रपति, **राम नाथ कोविंद** ने 51 स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों और नर्सों को विशेष रूप से COVID-19 के दौरान उनके निस्वार्थ समर्पण व करुणा के लिए, एक वर्चुअल समारोह में **नेशनल फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड्स 2020** से सम्मानित किया।
- **दक्षिण कोरिया** ने स्वदेश में विकसित **पनडुब्बी से प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइल (SLBM)** का सफल परीक्षण किया है।
- **टाटा स्टील** ने जमशेदपुर केंद्र में **भारत का पहला कार्बन कैप्चर प्लांट** चालू **किया है जो ब्लास्ट फर्नेस गैस से सीधे CO2 निकालता है**।
- **नीति आयोग** ने **RMI और RMI इंडिया** के साथ मिलकर उपभोक्ताओं और उद्योग के साथ काम करके शून्य-प्रदूषण वितरण वाहनों को बढ़ावा देने हेतुए **'शून्य अभियान'** शुरू किया है।
- केंद्रीय मंत्री, **नितिन गडकरी** ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने, इसके जिम्मेदार कारकों को समझने और उन्हें कम करने के समाधान बनाने हेतु ' **iRASTE'** नामक एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-संचालित परियोजना शुरू की है।
- **IIT बॉम्बे** ने संदेशों के प्रवाह को बाधित कर शिक्षा में भाषा की बाधा को खत्म करने हेतु **'प्रोजेक्ट उड़ान'** शुरू किया है।
- श्रीलंका के तेज गेंदबाज **लसिथ मलिंगा (38 वर्षीय)** ने **क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास** की घोषणा की है।
- **संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (UNCTAD)** नेअपनी व्यापार एवं विकास रिपोर्ट में **कैलेंडर वर्ष 2021** के लिए भारत की आर्थिक विकास दर **7.2%** रहने का अनुमान लगाया है।
- **नीति आयोग 'भारत में शहरी नियोजन क्षमता में सुधार'** पर एक रिपोर्ट लॉन्च करेगा।
- इस्पात मंत्रालय के तहत आने वाले **राष्ट्रीय खनिज विकास** ने नई दिल्ली में राजभाषा दिवस समारोह के दौरान सर्वोच्च एवं सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार, **राजभाषा कीर्ति पुरस्कार** जीता है ।
- सरकार नेविनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने हेतु **ऑटो उद्योग एवं ड्रोन उद्योग** के लिए **प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (PLI) योजना** को मंजूरी दी है

इतिहास में आज

- **अंतर्राष्ट्रीय ओज़ोन परत संरक्षण दिवस (विश्व ओजोन दिवस)** हर साल **16 सितंबर** को ओजोन परत के क्षरण के बारे में जागरूकता फैलाने और इसे संरक्षित करने के समाधान खोजने हेतु मनाया जाता है।

67th BPSC/CDPO Bihar Special: Geography Preparation Tips, Strategy and Study Material (Free PDF)
67th BPSC/CDPO Bihar Special: Polity Preparation Tips, Strategy and Study Material (Free PDF)
67th BPSC/CDPO Bihar Special: Environment & Ecology Strategy and Study Material (Free PDF)
67th BPSC/CDPO Bihar Special: Art and Culture Preparation Strategy and Study Material (Free PDF)
67th BPSC/CDPO Bihar Special: CSAT Preparation Tips, Strategy and Study Material (Free PDF)
67th BPSC/CDPO Bihar Special: History Preparation Tips, Strategy and Study Material (Free PDF)
67th BPSC/CDPO Bihar Special: Economy Preparation Tips, Strategy and Study Material (Free PDF)
67th BPSC/CDPO Bihar Special: Monthly Current Affairs Magazine (Free PDF)
Surprise 🥳🎁 | 67th BPSC/CDPO सुदर्शन चक्र : Complete Study Material Package Free PDFs
Improve Your Writing Skill Via Joining: Weekly Writing Competition
One-liners: Get Complete Highlights of the Day

byjusexamprep.c